**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**17.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**बम धमकी**

शिमला स्थित मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राज्य सचिवालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और एहतियात के तौर पर बम डिस्पोजल टीम को मौके पर बुलाया गया है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बताया कि दो अज्ञात ई–मेल प्राप्त हुई हैं जिसमें उपायुक्त कार्यालय मण्डी और शिमला में मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में तलाशी ली जा रही है और कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। मुख्य सचिव ने कहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है और ई–मेल भेजने वाले की जानकारी जुटाने में केन्द्रीय एजेंसियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

**नीलामी**

उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए शराब के ठेकों की नीलामी से 2 हजार 8 सौ 50 करोड़ राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हर्षवर्धन चौहान ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 18 मार्च से इसकी नीलामी शुरू की गई थी जिसमें 2 सौ 40 ठेके नीलाम नहीं हो पाए हैं। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अब इन ठेकों को सरकारी एजेंसियों के माध्यम से चलाया जाएगा।

**गेहूं खरीद**

ऊना जिला में किसानों की गेहूं की फसल के लिए सरकारी अनाज मंडी गेहूं की खरीद का काम शुरू कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा जिले के दो स्थानों रामपुर और टकारला में अनाज मंडी खोली गई है। कृषि उपज मंडी के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिले की इन दोनों अनाज मंडी में गेहूं की खरीद का काम शुरू कर दिया गया है जो 15 जून तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2 हजार 4 सौ 25 रुपए निर्धारित किया गया है जो पिछले साल की अपेक्षा एक सौ 75 रुपए अधिक है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गेहूं की सफाई के लिए यहां पर 15 छोटी और एक बड़ी मशीन भी स्थापित की गई है और ग्रेडिंग की भी पूरी व्यवस्था की गई है। वहीं किसान भी स्थानीय स्तर पर अनाज मंडी खोले जाने से खुश हैं।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि बीती रात राजधानी शिमला सहित राज्य के कई भागों पर तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और बारिश भी हुई है जिससे कुछ स्थानों पर बिजली बाधित होने का भी समाचार है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित

कटियार ने बताया कि आगामी दो दिनों के दौरान पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के पांच जिलों शिमला, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के कई भागों में ओलावृष्टि और आंधी तूफान को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना है।

मौसम विभाग ने 21 अप्रैल तक प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश व ओलावृष्टि का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है।

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है शाम 6 बजे नमस्कार।**